# HINDI

**PAPER-II**
**DEC-19/05**

Name & Signature of the Invigilator

.......................................................

.......................................................

OMR Answer Sheet No. : | | | | | |

Roll No. : | | | | | |

(in figures as in Hall Ticket)

Roll Number in words : .......................................

.......................................................................

**Time : 2 Hours]** **No. of Printed Pages : 24** **[Maximum Marks : 200**

**Instructions for the Candidates**

1. Write your Roll Number in the space provided on the top of this page.
2. This paper consists of **one hundred (100)** multiple choice type of questions. **All** questions are compulsory.
3. At the commencement of examination, the question booklet will be given to you. In the first 5 minutes, you are requested to open the booklet and compulsorily examine it as below :
   (*i*) To have access to the Question Booklet, tear off the paper seal on the edge of this cover page. Do not accept a booklet without sticker seal and do not accept an open booklet.
   (*ii*) Tally the number of pages and number of questions in the booklet with the information printed on the cover page. Faulty booklets due to pages/questions missing or duplicate or not in serial order or any other discrepancy should be got replaced immediately by a correct booklet from the invigilator within the period of 5 minutes. Afterwards, neither the Question Booklet will be replaced nor any extra time will be given.
   (*iii*) After this verification is over, the Test Booklet Number should be entered on the OMR Answer Sheet and the OMR Answer Sheet Number should be entered on this Test Booklet.
4. Each item has four alternative responses marked (A), (B), (C) and (D). You have to darken the oval as indicated below on the correct response against each item.

   **Example :** (A) ⬤ (C) (D) where (B) is the correct response.
5. Your responses to the items are to be indicated on the OMR Answer Sheet under Paper – II only. If you mark your response at any place other than in the oval in the OMR Answer Sheet, it will not be evaluated.
6. Read instructions given inside carefully.
7. Rough Work is to be done in the end of this booklet.
8. If you write your Name, Roll Number, Phone Number or put any mark on any part of the OMR Answer Sheet, except for the space allotted for the relevant entries, which may disclose your identity, or use abusive language or employ any other unfair means, such as change of response by scratching or using white fluid, you will render yourself liable to disqualification.
9. You have to return the original OMR Answer Sheet to the invigilator at the end of the examination compulsorily and must not carry it with you outside the Examination Hall. You are however, allowed to carry original question booklet and duplicate copy of OMR Answer Sheet on conclusion of examination.
10. Use only Blue/Black Ball point pen.
11. Use of any calculator or any electronic devices or log table etc., are prohibited.
12. There shall be no negative marking.
13. In case of any discrepancy in the English and Gujarati versions of questions, English version will be taken as final.

**પરીક્ષાર્થીઓ માટે સૂચનાઓ :**

1. આ પાનાની ટોચ પર દર્શાવેલી જગ્યામાં તમારો રોલ નંબર લખો.
2. આ પ્રશ્નપત્રમાં બહુવૈકલ્પિક ઉત્તરો ધરાવતા **સો (૧૦૦)** પ્રશ્નો આપેલા છે. **બધા જ** પ્રશ્નો ફરજિયાત છે.
3. પરીક્ષાની શરૂઆતમાં આપને પ્રશ્નપુસ્તિકા આપવામાં આવશે. પ્રથમ પાંચ (૫) મિનિટ દરમ્યાન તમારે પ્રશ્નપુસ્તિકા ખોલી અને ફરજિયાતપણે નીચે મુજબ પરીક્ષણ કરવું :
   (*i*) પ્રશ્નપુસ્તિકાનો વપરાશ કરવા માટે આ કવર પૃષ્ઠની ધાર પર આપેલ સીલ સ્ટીકર ફાડી નાખો. કોઈપણ સંજોગોમાં સીલ સ્ટીકર વગરની કે ખુલ્લી પ્રશ્નપુસ્તિકા સ્વીકારશો નહીં.
   (*ii*) કવર પૃષ્ઠ પર છપાયેલ નિર્દેશાનુસાર પ્રશ્નપુસ્તિકાના પ્રશ્નો, પૃષ્ઠો અને સંખ્યાને બરાબર ચકાસી લો. ખામીયુક્ત પ્રશ્નપુસ્તિકા કે જેમાં પ્રશ્નો/પૃષ્ઠો ઓછાં હોય, બે વાર છપાયા હોય, અનુક્રમમાં અથવા અન્ય કોઈ ફરક હોય અર્થાત કોઈપણ સંજોગોમાં ખામીયુક્ત પ્રશ્નપુસ્તિકા સ્વીકારશો નહીં. અને જો ખામીયુક્ત પ્રશ્નપુસ્તિકા મળી હોય તો નિરીક્ષક પાસેથી તુરંત જ બીજી સારી પ્રશ્નપુસ્તિકા મેળવી લેવી. આ માટે ઉમેદવારને પાંચ (૫) મિનિટનો સમયગાળો આપવામાં આવશે. પછીથી, પ્રશ્નપુસ્તિકા બદલવામાં આવશે નહીં કે કોઈ વધારાનો સમયગાળો આપવામાં આવશે નહીં.
   (*iii*) આ ચકાસણી સમાપ્ત થાય પછી, પ્રશ્નપુસ્તિકાનો નંબર OMR જવાબ પત્રક પર લખવો અને OMR જવાબ પત્રકનો નંબર પ્રશ્નપુસ્તિકા પર લખવો.
4. પ્રત્યેક પ્રશ્ન માટે ચાર જવાબ વિકલ્પ (A), (B), (C) અને (D) આપવામાં ઓવલ છે. તમારે સાચા જવાબના ઓવલ (oval) ને નીચે આપેલ ઉદાહરણ મુજબ પેનથી ભરીને સંપૂર્ણ કાળું કરવાનું રહેશે.

   ઉદાહરણ : (A) ⬤ (C) (D) કે જયાં (B) સાચો જવાબ છે.
5. આ પ્રશ્નપુસ્તિકાના પ્રશ્નો ના જવાબ અલગથી આપવામાં આવેલ OMR જવાબ પત્રકમાં પેપર–II લખેલ વિભાગમાં જ અંકિત કરવા. જો આપ OMR જવાબ પત્રકમાં આપેલ ઓવલ (oval) સિવાય અન્ય સ્થાને જવાબ અંકિત કરશો તો તે જવાબનું મૂલ્યાંકન કરવામાં આવશે નહીં
6. અંદર આપેલ સૂચનાઓ ધ્યાનપૂર્વક વાંચો.
7. કાચું કામ (Rough Work) પ્રશ્નપુસ્તિકાના અન્તિમ પૃષ્ઠ પર કરવું.
8. જો આપ OMR જવાબ પત્રક નિયત જગ્યા સિવાય અન્ય કોઈપણ સ્થાને, આપનું નામ, રોલ નંબર, ફોન નંબર અથવા એવું કોઈ ચિહ્ન કે જેનાથી તમારી ઓળખ થઈ શકે, અંકિત કરશો અથવા અભદ્ર ભાષાનો પ્રયોગ કરો, અથવા અન્ય કોઈ અનુચિત સાધનોનો ઉપયોગ કરો, જેમ કે અંકિત કરી દીધેલ જવાબ ભૂંસી નાખવો કે સફેદ શાહીનો ઉપયોગ કરી બદલશો તો આપને પરીક્ષા માટે અયોગ્ય જાહેર થઈ શકો છો.
9. પરીક્ષા સમય પૂરો થઈ ગયા બાદ ઓરીજીનલ OMR જવાબ પત્રક જે તે નિરીક્ષકને ફરજિયાત સોંપી દેવું અને કોઈ પણ સંજોગોમાં તે પરીક્ષાખંડની બહાર લઈ જવું નહીં. પરીક્ષા પૂર્ણ થયા બાદ ઉમેદવાર ઓરીજીનલ પ્રશ્નપુસ્તિકા અને OMR જવાબ પત્રકની ડુપ્લિકેટ કોપી પોતાની સાથે લઈ જઈ શકે છે.
10. માત્ર કાળી/ભૂરી બોલ પોઈન્ટ પેન વાપરવી.
11. કેલ્ક્યુલેટર, લોગ ટેબલ અને અન્ય ઈલેક્ટ્રોનિક યંત્રોનો ઉપયોગ કરવાની મનાઈ છે.
12. ખોટા જવાબ માટે નકારાત્મક ગુણાંકન પ્રથા નથી.
13. પ્રશ્નપુસ્તિકાના કોઈ પ્રશ્નમાં અનુવાદ અંગે કોઈ વિવાદ/મતભેદ જણાય તો અંગ્રેજી વર્ઝન યોગ્ય ગણાશે.

SEAL

# HINDI
## PAPER-II

**नोट :** इस प्रश्न-पत्र में एक सौ (**100**) बहुविकल्पीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न के **दो** अंक हैं। **सभी** प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

1. इनमें उपसर्ग जोड़कर बना हुआ शब्द कौनसा है ?

   (A) नारकीय (B) सामाजिक

   (C) लाइलाज (D) समता

2. 'नागरी लिपि से बढ़कर वैज्ञानिक लिपि मैंने दुनिया में पाई नहीं' किसका कथन है ?

   (A) डॉ. कामिल बुल्के (B) जॉनगिल क्राइस्ट

   (C) आइजक पिटमैन (D) विनोबा भावे

3. भारतीय संविधान के किस भाग में राजभाषा संबंधी प्रावधान है ?

   (A) 17 (B) 16

   (C) 15 (D) 18

4. देवरिया, बलिया, गोरखपुर कौनसी बोली का क्षेत्र है ?

   (A) मालवी (B) बघेली

   (C) अवधी (D) भोजपुरी

5. 'नई कविता का आत्मसंघर्ष' के लेखक कौन हैं ?

   (A) गिरिजाकुमार माथुर (B) धर्मवीर भारती

   (C) मुक्तिबोध (D) रामस्वरूप चतुर्वेदी

6. निम्नलिखित काव्यशास्त्रीय ग्रंथों का **सही** कालानुक्रम है :

(A) अलंकार सर्वस्व, काव्यादर्श, काव्यालंकार सार-संग्रह

(B) काव्यादर्श, काव्यालंकार सार-संग्रह, अलंकार सर्वस्व

(C) अलंकार सर्वस्व, काव्यालंकार सार-संग्रह, काव्यादर्श

(D) काव्यादर्श, अलंकार सर्वस्व, काव्यालंकार सार-संग्रह

7. 'वाक्यं रसात्मकं काव्यं' किसकी उक्ति है ?

(A) भामह
(B) पंडितराज जगन्नाथ
(C) आचार्य विश्वनाथ
(D) मम्मट

8. निम्नलिखित में से कौनसी पुस्तक आई.ए. रिचर्ड्स की है ?

(A) दि लॉज
(B) पेरिहुप्सुस
(C) साइंस एण्ड पोएट्री
(D) दि सेक्रेड वुड

9. स्थान के आधार पर 'च' 'छ' 'ज' व्यंजन हैं :

(A) वर्त्स्य
(B) दन्तोष्ठ्य
(C) तालव्य
(D) दन्त्य

10. 'कवि प्रतिभा प्रौढिरेव प्राधान्येनावतिष्ठते' किसका कथन है ?

(A) भामह
(B) दण्डी
(C) कुंतक
(D) अभिनव गुप्त

11. किस आलोचक ने सम्प्रेषण को कला का तात्विक धर्म माना है ?

(A) मैथ्यू आर्नाल्ड
(B) आई. ए. रिचर्ड्स
(C) वर्ड्सवर्थ
(D) कॉलरिज

12. प्रतिभा के दो भेद—भावयित्री प्रतिभा और कारयित्री प्रतिभा किसने माने हैं ?

(A) राजशेखर
(B) आनंदवर्धन
(C) पंडितराज जगन्नाथ
(D) मम्मट

13. निम्नलिखित में से छायावाद के प्रमुख आलोचक कौन हैं ?

(A) मैनेजर पाण्डेय
(B) निर्मला जैन
(C) नंददुलारे वाजपेयी
(D) रामचंद्र शुक्ल

14. टी. एस. इलियट इनमें से किस वाद के समर्थक थे ?

(A) व्यक्तिवाद
(B) स्वच्छंदतावाद
(C) प्रभाववाद
(D) आभिजात्यवाद

15. 'सुख दुःखात्मको रसः' किसकी मान्यता है ?

(A) शारदातनय
(B) अभिनव गुप्त
(C) हेमचंद्र
(D) रामचंद्र-गुणचन्द्र

16. 'हिंदी जाति का साहित्य' आलोचना ग्रंथ के लेखक कौन हैं ?

(A) नगेन्द्र (B) रामविलास शर्मा

(C) विजयदेव नारायण साही (D) रामस्वरूप चतुर्वेदी

17. "काव्यशोभाकरान् धर्मानलङ्कारान् प्रचक्षते।" यह पंक्ति किसकी है ?

(A) आचार्य विश्वनाथ (B) आचार्य क्षेमेन्द्र

(C) आचार्य दण्डी (D) आचार्य कुन्तक

18. भरतसूत्र की व्याख्या में किसने पहली बार 'साधारणीकरण' शब्द का प्रयोग किया है ?

(A) भट्टनायक (B) अभिनव गुप्त

(C) शंकुक (D) आचार्य विश्वनाथ

19. 'काव्यालंकार सूत्रवृत्ति' ग्रंथ किस आचार्य का है ?

(A) भामह (B) कुन्तक

(C) वामन (D) उद्भट

20. 'कल्पना' को सृजनात्मकता के मूल में किसने माना है ?

(A) एस. टी. कॉलरिज (B) विलियम वर्ड्सवर्थ

(C) कीट्स (D) शैले

21. निम्न में से कौनसा आचार्य अलंकार सम्प्रदाय से संबद्ध **नहीं** है ?

(A) दण्डी (B) भामह

(C) केशव मिश्र (D) धनञ्जय

22. 'अंग्रेजराज सुख साज सजे सब भारी'

पै धन विदेश चलि जात यहै अतिख्वारी'

किसकी काव्य पंक्ति है ?

(A) प्रतापनारायण मिश्र

(B) भारतेन्दु हरिश्चन्द्र

(C) बद्रीनारायन चौधरी 'प्रेमघन'

(D) ठाकुर जगमोहन सिंह

23. 'वाणी मेरी चाहिए तुम्हें क्या अलंकार' किसकी पंक्ति है ?

(A) प्रसाद

(B) पन्त

(C) निराला

(D) महादेवी

24. 'दुलहिन गावहु मंगलचार, हम घर आए हो राजाराम भरतार!' किसकी प्रसिद्ध पंक्ति है ?

(A) कबीर

(B) दादू दयाल

(C) नानक

(D) रैदास

25. 'कागज की आजादी मिलती

ले लो दो-दो आने में।'

पंक्तियों के रचनाकार कौन हैं ?

(A) नागार्जुन

(B) मुक्तिबोध

(C) निराला

(D) राजेश जोशी

26. इनमें से कौनसा काव्य-संग्रह अनामिका का **नहीं** है ?

(A) खुरदरी हथेलियाँ (B) शीतल स्पर्श एक धूप हो

(C) गलत पते की चिट्ठी (D) नगाड़े की तरह बजते शब्द

27. वंचना है चांदनी सित, झूठ वह आकाश का निरवधि गहन विस्तार,

शिशिर की राका निशा की, शांति है निस्सार' पंक्तियाँ किस काल' से जुड़ी हैं ?

(A) छायावादी (B) प्रयोगवादी

(C) नई कविता (D) अकविता

28. 'तरवर से एक तिरिया उतरी, उनने बहुत रिझाया—किसकी पंक्ति है ?

(A) कबीरदास (B) अमीर खुसरो

(C) रहीम (D) तुलसीदास

29. महावीर प्रसाद द्विवेदी के संपादकत्व में प्रकाशित 'सरस्वती' की मुख्य विशेषता क्या है ?

(A) गद्य तथा पद्य में खड़ी बोली के प्रयोग का आग्रह

(B) विभिन्न विषयों के लेखों का समावेश

(C) विविध शैलियों और विधाओं का विकास

(D) गम्भीर साहित्यिक रचनाएँ

30. 'शृंखला की कड़ियाँ' का प्रथम प्रकाशन वर्ष है :

(A) सन् 1940 (B) सन् 1942

(C) सन् 1946 (D) सन् 1948

31. निम्नलिखित निबंधकारों का **सही** कालानुक्रम है :

(A) हरिशंकार परसाई, विवेकी राय, कुबेरनाथ राय, विद्यानिवास मिश्र

(B) विद्यानिवास मिश्र, कुबेरनाथ राय, विवेकी राय, हरिशंकार परसाई

(C) विवेकी राय, कुबेरनाथ राय, विद्यानिवास मिश्र, हरिशंकार परसाई

(D) हरिशंकार परसाई, विद्यानिवास मिश्र, विवेकी राय, कुबेरनाथ राय,

32. निम्न में से किस लेखक की जीवनी 'समय साम्यवादी' है ?

(A) यशपाल (B) शमशेर

(C) राहुल (D) रामविलास शर्मा

33. 'अरे यायावर रहेगा याद' का प्रथम प्रकाशन वर्ष है :

(A) सन् 1950 (B) सन् 1953

(C) सन् 1955 (D) सन् 1957

34. 'कविता क्या है ?' चिन्तामणि के किस भाग में संकलित है ?

(A) चिन्तामणि, भाग–1 (B) चिन्तामणि, भाग–2

(C) चिन्तामणि, भाग–3 (D) चिन्तामणि, भाग–4

35. विद्यानिवास मिश्र के निबंध-संग्रहों का **सही** कालानुक्रम है :

(A) मैंने सिल पहुँचाई, कदम की फूली डाल, अंगद की नियति

(B) कदम की फूली डाल, मैंने सिल पहुँचाई, अंगद की नियति

(C) कदम की फूली डाल, अंगद की नियति, मैंने सिल पहुँचाई

(D) अंगद की नियति, कदम की फूली डाल, मैंने सिल पहुँचाई

36. निम्न में से 'पर्णमुकुट' किसका निबंध-संग्रह है ?

(A) विद्यानिवास मिश्र
(B) रमेशचन्द्र शाह
(C) विवेकी राय
(D) कुबेरनाथ राय

37. 'मलयज की डायरी' के सम्पादक हैं :

(A) नामवर सिंह
(B) मैनेजर पाण्डेय
(C) विश्वनाथ त्रिपाठी
(D) रामस्वरूप चतुर्वेदी

38. निम्न में से कौनसी कृति 'रिपोर्ताज' की है ?

(A) प्रिय राम
(B) आछे दिन पाछे गये
(C) साथ-साथ मेरा साया
(D) जुलूस रुका है

39. 'उत्तरयोगी : श्री अरविंद' किस विधा की रचना है ?

(A) संस्मरण
(B) जीवनी
(C) नाटक
(D) उपन्यास

40. 'मुर्दहिया' का प्रथम प्रकाशन वर्ष है :

(A) सन् 2008
(B) सन् 2009
(C) सन् 2010
(D) सन् 2011

41. 'संस्कृति के चार अध्याय' का प्रथम प्रकाशन वर्ष है :

(A) सन् 1952
(B) सन् 1956
(C) सन् 1960
(D) सन् 1964

42. 'बंध नाहिं औ कंध न कोई। बात न आव, कहौं का रोई।' किसकी उक्ति है ?

(A) कबीर
(B) जायसी
(C) कुतुबन
(D) मंझन

43. 'माँगि कै खैबो मसीत को सोइबो, लेबै को एक न देबै को दोऊ' पंक्ति तुलसीदास की किस रचना से है ?

(A) रामचरितमानस
(B) गीतावली
(C) दोहावली
(D) कवितावली

44. निम्नलिखित आत्मकथाओं का **सही** कालानुक्रम है :

(A) मुर्दहिया, एक कहानी यह भी, क्या भूलूँ क्या याद करूँ, आपहुदरी
(B) क्या भूलूँ क्या याद करूँ, आपहुदरी, मुर्दहिया, एक कहानी यह भी
(C) एक कहानी यह भी, आपहुदरी, मुर्दहिया, क्या भूलूँ क्या याद करूँ
(D) क्या भूलूँ क्या याद करूँ, एक कहानी यह भी, मुर्दहिया, आपहुदरी

45. 'ठकुरी बाबा' महादेवी वर्मा की किस गद्य रचना में शामिल है ?

(A) अतीत के चलचित्र
(B) मेरा परिवार
(C) स्मृति की रेखाएँ
(D) पथ के साथी

46. 'हिंदी साहित्य : एक आधुनिक परिदृश्य' के लेखक कौन हैं ?

(A) अज्ञेय
(B) लक्ष्मीकांत वर्मा
(C) धर्मवीर भारती
(D) विजय देवनारायण साही

47. पंत की किस रचना को छायावाद का मैनीफेस्टो कहा गया है ?

(A) वीणा
(B) पल्लव
(C) लोकायतन
(D) गुंजन

48. देवकीनंदन खत्री का 'चंद्रकांता' उपन्यास किस वर्ग में आता है ?

(A) सामाजिक उपन्यास
(B) मनोवैज्ञानिक उपन्यास
(C) मार्क्सवादी उपन्यास
(D) तिलस्मी व ऐयारी उपन्यास

49. "मैं उपन्यास को मानव चरित्र का चित्रमात्र समझता हूँ। ये गीत किस लेखक की उक्ति है ?

(A) हजारीप्रसाद द्विवेदी
(B) प्रेमचंद
(C) यशपाल
(D) राजेन्द्र यादव

50. 'असाध्य वीणा' में केशकंबली वीणा को क्यों कर साध्य कर पाता है ?

(A) वह वीणा-वादन कला में प्रवीण था
(B) उसे राजा से इनाम-इकराम का लोभ था
(C) वह अपना वर्चस्व सिद्ध करना चाहता था
(D) वह वीणा तथा निर्माण परिवेश में विनम्रता से एकाकार हो गया था

51. 'मृणाल' किस उपन्यास की मुख्य पात्र है ?

(A) गोदान
(B) त्यागपत्र
(C) आवां
(D) कठगुलाब

52. 'बरवै नायिका भेद' किसकी रचना है ?

(A) तुलसीदास (B) नंददास

(C) मतिराम (D) रहीम

53. 'जायसी' आलोचनात्मक पुस्तक के लेखक कौन हैं ?

(A) शिवसहाय पाठक (B) वासुदेवशरण अग्रवाल

(C) विजयदेव नारायण साही (D) रामचंद्र शुक्ल

54. निम्नलिखित में से कौनसी कहानी प्रेमचंद ने **नहीं** लिखी ?

(A) ईदगाह (B) बलिदान

(C) बड़े घर की बेटी (D) मधुआ

55. निम्नलिखित रचनाओं के विकास का **सही** क्रम क्या है ?

(A) गोदान, त्यागपत्र, दो बहनें, निर्मला

(B) दो बहनें, निर्मला, त्यागपत्र, गोदान

(C) त्यागपत्र, दो बहनें, गोदान, निर्मला

(D) निर्मला, गोदान, त्यागपत्र, दो बहनें

56. 'इस युग की वास्तविकता ने जैसा उग्र रूप धारण कर लिया है, इससे प्राचीन विश्वासों में प्रतिष्ठित हमारे भाव और कल्पना के मूल हिल गये हैं।'' 'रूपाभ' के संपादकीय में यह किसने लिखा है ?

(A) सुमित्रानंदन पंत (B) महादेवी वर्मा

(C) सूर्यकान्त त्रिपाठी 'निराला' (D) रामधारी सिंह 'दिनकर'

57. निम्नलिखित में से कौनसा पात्र 'गोदान' का है ?

(A) रूपा (B) सुनीता

(C) रेखा (D) जालपा

58. हिंदी के किस समीक्षक ने भक्ति आंदोलन को पराजित, असफल, निराश मनोवृत्ति की देन **नहीं** माना है ?

(A) हजारी प्रसाद द्विवेदी (B) रामचन्द्र शुक्ल

(C) रामकुमार वर्मा (D) बाबू गुलाबराय

59. किस आलोचक ने भक्तिकाल को लोक जागरण काल नाम दिया है ?

(A) रामचंद्र शुक्ल (B) डॉ. नगेन्द्र

(C) रामविलास शर्मा (D) बाबू गुलाबराय

60. 'ज्ञानाश्रयी' काव्यधारा के प्रमुख कवि कौन हैं ?

(A) जायसी (B) सूरदास

(C) कबीरदास (D) तुलसीदास

61. कबीरदास की रचनाओं का संग्रह है :

(A) गीतिका (B) बीजक

(C) साहित्य दीपिका (D) दोहावली

62. "सिद्धि हेतु स्वामी गए, यह गौरव की बात"—इस पंक्ति के रचनाकार हैं :

(A) जयशंकर प्रसाद (B) मैथिलीशरण गुप्त

(C) निराला (D) उदयप्रकाश

63. 'वीरों का कैसा हो वंसत' के रचनाकार कौन हैं ?

(A) सुभद्राकुमारी चौहान (B) सुल्तान अहमद

(C) धूमिल (D) उदयप्रकाश

64. 'हिमाद्रि तुंग शृंग' गीत किस नाटक से लिया गया है ?

(A) स्कंदगुप्त (B) ध्रुवस्वामिनी

(C) चंद्रगुप्त (D) आधे-अधूरे

65. निम्नलिखित में से छायावाद के प्रमुख आलोचक कौन हैं ?

(A) मैनेजर पाण्डे (B) निर्मला जैन

(C) नंददुलारे वाजपेयी (D) रामचंद्र शुक्ल

66. 'मधुशाला' के रचनाकार कौन हैं ?

(A) हरिवंशराय 'बच्चन' (B) रामधारीसिंह 'दिनकर'

(C) नागार्जुन (D) महादेवी वर्मा

67. निम्नलिखित रचनाओं और पात्रों का मिलान कीजिए :

| | | | |
|---|---|---|---|
| (*a*) | प्रेमाश्रम | (*i*) | काव्या |
| (*b*) | हानूश | (*ii*) | वैद्यजी |
| (*c*) | ध्रुवस्वामिनी | (*iii*) | बलराज |
| (*d*) | राग-दरबारी | (*iv*) | मंदाकिनी |
| | | (*v*) | झुनिया |

**कोड :**

| | (*a*) | (*b*) | (*c*) | (*d*) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (*i*) | (*ii*) | (*iii*) | (*iv*) |
| (B) | (*iii*) | (*i*) | (*iv*) | (*ii*) |
| (C) | (*ii*) | (*iii*) | (*iv*) | (*i*) |
| (D) | (*iv*) | (*i*) | (*ii*) | (*iii*) |

68. निम्नलिखित ग्रंथों में से 'दक्षिण वेद' के नाम से प्रसिद्ध है :

(A) नालियार दिव्य प्रबंधम्
(B) श्रीमद्भागवत
(C) अगस्त्य संहिता
(D) पंचरात्र संहिताएँ

69. प्रकाशन वर्ष की दृष्टि से निम्नलिखित उपन्यासों का **सही** अनुक्रम निर्धारित कीजिए :

(A) शाल्मली, उसकी पंचवटी, तत्-सम, उसके हिस्से की धूप
(B) उसके हिस्से की धूप, उसकी पंचवटी, तत्-सम, शाल्मली
(C) उसकी पंचवटी, तत्-सम, शाल्मली, उसके हिस्से की धूप
(D) तत्-सम, उसकी पंचवटी, उसके हिस्से की धूप, शाल्मली

70. 'शेषयात्रा' उपन्यास की लेखिका कौन है ?

(A) उषा प्रियंवदा
(B) मंजुल भगत
(C) ममता कालिया
(D) नासिरा शर्मा

71. निम्नलिखित में से किस विधा की रचना महादेवी वर्मा ने **नहीं** की है ?

(A) काव्य
(B) संस्मरण
(C) रेखाचित्र
(D) नाटक

72. **सही** जोड़े बनाइये :

(*a*) मैत्रेयी पुष्पा — (*i*) दोहरा अभिशाप
(*b*) प्रभा खेतान — (*ii*) एक कहानी यह भी
(*c*) मन्नू भण्डारी — (*iii*) अन्या से अनन्या
(*d*) कौशल्या बैसंत्री — (*iv*) गुड़िया भीतर गुड़िया
(*v*) शिकंजे का दर्द

**कोड :**

| | (*a*) | (*b*) | (*c*) | (*d*) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (*i*) | (*iv*) | (*ii*) | (*v*) |
| (B) | (*ii*) | (*iii*) | (*iv*) | (*i*) |
| (C) | (*iii*) | (*ii*) | (*i*) | (*v*) |
| (D) | (*iv*) | (*iii*) | (*ii*) | (*i*) |

73. सावित्री, जुनेजा, सिंघानिया किस नाटक के पात्र हैं ?

(A) आषाढ़ का एक दिन

(B) लहरों के राजहंस

(C) आठवाँ सर्ग

(D) आधे-अधूरे

74. 'सूरसागर' काव्य-ग्रंथ श्रीमद्भागवत के प्रधानतः किस स्कंध पर आधारित है ?

(A) सप्तम (B) दशम

(C) नवम (D) अष्टम

75. भारत में इंटरनेट क्रांति की शुरूआत कब से मानी जाती है ?

(A) 1995 से (B) 1985 से

(C) 1975 से (D) 1970 से

76. जैनेन्द्र के उपन्यासों का **सही** अनुक्रम है ?

(A) सुखदा, अनामस्वामी, सुनीता, विवर्त

(B) विवर्त, सुनीता, सुखदा, अनामस्वामी

(C) सुनीता, सुखदा, विवर्त, अनामस्वामी

(D) अनामस्वामी, विवर्त, सुखदा, सुनीता

77. निम्नलिखित उपन्यासों को उपन्यासकारों के साथ सुमेलित कीजिए :

| | | | |
|---|---|---|---|
| (*a*) | दीर्घतपा | (*i*) | देवेन्द्र सत्यार्थी |
| (*b*) | रथ के पहिए | (*ii*) | रामदरश मिश्र |
| (*c*) | लोक परलोक | (*iii*) | फणीश्वरनाथ 'रेणु' |
| (*d*) | राम का सफर | (*iv*) | हिमांशु जोशी |
| | | (*v*) | उदयशंकर भट्ट |

**कोड :**

| | (*a*) | (*b*) | (*c*) | (*d*) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (*i*) | (*v*) | (*ii*) | (*iv*) |
| (B) | (*iii*) | (*i*) | (*v*) | (*ii*) |
| (C) | (*v*) | (*iii*) | (*i*) | (*iv*) |
| (D) | (*iv*) | (*v*) | (*iii*) | (*ii*) |

78. इनमें से कौनसा युग्म सही **नहीं** है :

(A) गांधीवाद–सत्य

(B) मनोविश्लेषणवाद–अवचेतन

(C) मार्क्सवाद–वर्ग संघर्ष

(D) अंबेडकरवाद–दलित

79. छायावादोत्तर कविता में सर्वश्रेष्ठ प्रकृति–चित्रण किसका है ?

(A) शिवमंगलसिंह सुमन

(B) त्रिलोचन

(C) केदारनाथ अग्रवाल

(D) बालकृष्ण शर्मा 'नवीन'

80. छायावादी कवियों में आचार्य शुक्ल का रुझान किसके प्रति अधिक है ?

(A) प्रसाद

(B) पंत

(C) निराला

(D) महादेवी

81. अशोक वाजपेयी का प्रथम कविता संग्रह कौनसा है ?

(A) तत्पुरुष

(B) थोड़ी-सी-जगह

(C) शहर अब भी संभावना है

(D) बहुरि अकेला

82. मिश्र बंधु के प्रसिद्ध साहित्येतिहास ग्रंथ 'मिश्र बंधु विनोद' में कितने खंड हैं ?

(A) 2

(B) 3

(C) 4

(D) 5

83. निम्नलिखित में से मैत्रेयी पुष्पा की रचना कौनसी है ?

(A) कोरजा

(B) फरिश्ते निकले

(C) कागज़ की नाव

(D) कठगुलाब

84. 'धूर्त रसिकलाल' किसका उपन्यास है ?

(A) बालकृष्ण भट्ट

(B) राधाकृष्ण दास

(C) गोपालराय गहमरी

(D) लज्जाराम शर्मा

85. 'मीठो पाणी खारो पाणी' किसका उपन्यास है ?

(A) गीतांजलि श्री

(B) जया जादवानी

(C) सूर्यबाला

(D) रजनी गुप्त

86. निम्नलिखित में से कौनसा युग्म सही **नहीं** है ?

(A) 'द्वाभा'—प्रभाकर माचवे

(B) 'गुनाहों का देवता'—धर्मवीर भारती

(C) 'कुरु-कुरु स्वाहा'—महेन्द्र भल्ला

(D) 'अंधेरे बंद कमरे'—मोहन राकेश

87. नासिरा शर्मा के उपन्यासों का **सही** कालानुक्रम है :

(A) अक्षयवट, पारिजात, शाल्मली, कुंइयाजान

(B) कुंइयाजान, पारिजात, अक्षयवट, शाल्मली

(C) शाल्मली, अक्षयवट, कुंइयाजान, पारिजात

(D) पारिजात, शाल्मली, कुंइयाजान, अक्षयवट

88. निम्नलिखित उपन्यासकारों का सही कालानुक्रम है :

(A) अमृतलाल नागर, राहुल सांकृत्यायन, वृन्दावनलाल वर्मा, चतुरसेन शास्त्री

(B) राहुल सांकृत्यायन, वृन्दावनलाल वर्मा, चतुरसेन शास्त्री, अमृतलाल नागर

(C) वृन्दावनलाल वर्मा, चतुरसेन शास्त्री, राहुल सांकृत्यायन, अमृतलाल नागर

(D) चतुरसेन शास्त्री, वृन्दावनलाल वर्मा, अमृतलाल नागर, राहुल सांकृत्यायन

89. 'मीनाक्षी', किस उपन्यास का चरित्र है ?

(A) रंगभूमि (B) कायाकल्प

(C) गोदान (D) सेवासदन

90. 'यह पश्चिमी विमर्श का अपराध है कि वह भाषा के खेल को नष्ट करता है—यह कथन किसका है ?

(A) जॉक देरिदा
(B) स्मिथ
(C) लेनिन
(D) रोलां बार्थ

91. 'द्वैताद्वैतवाद' के प्रवर्तक आचार्य कौन हैं ?

(A) मध्वाचार्य
(B) वल्लभाचार्य
(C) निम्बार्काचार्य
(D) रामानुजाचार्य

92. किस विद्वान ने बुद्धदेव के बाद तुलसीदास को सबसे बड़ा लोकनायक माना है ?

(A) रामचंद्र शुक्ल
(B) ग्रियर्सन
(C) स्मिथ
(D) डॉ. नगेन्द्र

93. 'अंधेर नगरी' किस प्रकार का नाटक है ?

(A) प्रहसन
(B) नाटिका
(C) भाण
(D) गीतिरूपक

94. इनमें से 'स्कन्दगुप्त' की नायिका कौन है ?

(A) देवसेना
(B) विजया
(C) अनन्त देवी
(D) इनमें से कोई नहीं

95. 'आषाढ़ का एक दिन' नाटक के अंत में कालिदास का चले जाना किस मनोवृत्ति का परिचायक है ?

(A) दीनता
(B) हीनता ग्रंथि
(C) श्रेष्ठता ग्रंथि
(D) पुरुषोचित मनोवृत्ति

96. निम्नलिखित को **सही** कालानुक्रम में लिखिए :

(A) गोडसे @ गांधी.कॉम, बकरी, कोर्ट मार्शल, लश्कर चौक

(B) बकरी, कोर्ट मार्शल, लश्कर चौक, गोडसे @ गांधी.कॉम

(C) लश्कर चौक, बकरी, कोर्ट मार्शल, गोडसे @ गांधी.कॉम

(D) कोर्ट मार्शल, बकरी, लश्कर चौक, गोडसे @ गांधी.कॉम

97. 'भारत दुर्दशा' नाटक का प्रथम प्रकाशन वर्ष है :

(A) सन् 1876 (B) सन् 1898

(C) सन् 1880 (D) सन् 1882

98. 'शब्दों की कारीगरी की दृष्टि से कौनसे कृष्णभक्त कवि प्रसिद्ध हैं ?

(A) सूरदास (B) नंददास

(C) परमानंददास (D) गोविन्दस्वामी

99. इनमें से कौनसा उपन्सास रामदरश मिश्र का है ?

(A) सागर, लहरें और मनुष्य (B) जल टूटता हुआ

(C) काला जल (D) रथ के पहिए

100. वृन्दावनलाल वर्मा का सर्वश्रेष्ठ उपन्यास कौनसा है ?

(A) गढ़कुंढार (B) विराटा की पद्मिनी

(C) झांसी की रानी लक्ष्मीबाई (D) मृगनयनी

ROUGH WORK

SEAL